NYC HEALTH+ HOSPITALS

सभी के लिए टीकाकरण

Pfizer COVID-19 वैक्सीन

+ वयस्क डोज़
+ 6 महीने और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए डोज़
+ जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर है उन लोगों के लिए अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला डोज़
+ बूस्टर शॉट

जो पात्र हैं, उन सभी के लिए यहाँ टीके उपलब्ध हैं

COVID-19 के कारण, खुद को और अपने प्रियजनों को बीमार होने से बचाना पहले से कहीं अधिक ज़रूरी है।

COVID-19 के टीके बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और यहाँ तक कि मृत्यु के जोखिम को कम करने में सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी हैं।

आप बिना किसी खर्चे के COVID-19 वैक्सीन प्राप्त कर सकते हैं।

आपके लिए कौन-सी वैक्सीन उचित है, इस बारे में अधिक जानें। QR कोड स्कैन करें या **1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692) पर कॉल करें।

COVID-19 टीकों के बारे में अधिक जानें

NYC HEALTH+ HOSPITALS

COVID-19 के लिए किसे टीकाकरण करवाना चाहिए?

+ 6 महीने से 4 वर्ष की उम्र के बच्चे Pfizer-BioNTech के तीन बाल चिकित्सा डोज़ (ताकत का दसवां हिस्सा) प्राप्त कर सकते हैं
+ 5 से 11 वर्ष की उम्र के बच्चे Pfizer-BioNTech के दो बाल चिकित्सा डोज़ (ताकत का एक तिहाई हिस्सा) प्राप्त कर सकते हैं
+ 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों और प्रौढों को Pfizer-BioNTech के दो डोज़ मिल सकते हैं
+ 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के प्रौढों को Moderna के दो डोज़ या Johnson & Johnson/Janssen का एक डोज़ मिल सकता है
+ 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चे और प्रौढ़ जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली किसी स्थिति या उपचार के कारण कमज़ोर है, वे एक अतिरिक्त Pfizer प्राथमिक श्रृंखला डोज़ लगवा सकते हैं - जिसे तीसरा डोज़ भी कहा जाता है।

COVID-19 बूस्टर टीका किसे लगवाना चाहिए?

5 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को अपनी प्राथमिक Pfizer या Moderna COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला का दूसरा डोज़ लगवाने के कम से कम 5 महीने बाद बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए।

जिन लोगों को Pfizer या Moderna वैक्सीन के दो शॉट लग चुके हों, उन्हें उसी वैक्सीन का बूस्टर लगवाने की कोशिश करनी चाहिए, लेकिन उनके पास अमेरिका में अधिकृत तीन प्रकार के टीकों में से कोई भी एक टीका लगवाने का विकल्प मौजूद है।

5 से 17 वर्ष की उम्र के लोग, जिन्हें पाँच महीने से ज़्यादा समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला लगाई गई थी, वे केवल Pfizer के बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं।

Johnson & Johnson वैक्सीन प्राप्त करने वाले 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को अपना प्राथमिक डोज़ प्राप्त करने के कम से कम दो महीने बाद बूस्टर शॉट मिलना चाहिए। अधिकतर स्थितियों में Pfizer या Moderna (mRNA COVID-19 वैक्सीन) बूस्टर को प्राथमिकता दी जाती है।

प्रतिरक्षा में अक्षम लोग जिन्होंने पहले डोज़ के रूप में J&J और कम से कम 28 दिन बाद एक अतिरिक्त डोज़ के रूप में mRNA टीका प्राप्त किया है, उन्हें कुल 3 डोज़ के लिए mRNA वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक के कम से कम 2 महीने बाद mRNA वैक्सीन का बूस्टर डोज़ मिलना चाहिए।

NYC Health + Hospitals प्रणाली के अस्पताल Pfizer और J&J टीके प्रदान करते हैं। NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट्स 5-11 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए Moderna वैक्सीन और Pfizer वैक्सीन प्रदान करते हैं। स्थानों की पूरी सूची के लिए, हमारी वेबसाइट: **nychealthandhospitals.org** पर जाएँ।

Published: 6/23/2022
Hindi